## निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजित

**जुन्नारदेव।** सार्वजनिक जनहितार्थ कार्य करने वाली संस्था हम फाउंडेशन की महिला संस्कृति शाखा के द्वारा आगामी 2 फरवरी 2026, दिन सोमवार को विशाल निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन में जबलपुर के सुख सागर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। नगर के जायसवाल लॉन, श्री महादेव उड़ान पुल रोड में यह आयोजन 2 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। हम फाउंडेशन की जिला महामंत्री श्रीमती सुरेखा जायसवाल एवं हम फाउंडेशन की महिला संस्कृति शाखा की अध्यक्ष सपना अमूल्ये ने बताया कि इस शिविर में मोतियाबिंद, कंचियाबिंद, अकसूर, नखूना, रेटिना एवं अन्य नेत्र रोग की जांच कर उचित परामर्श दिया जाएगा। उपरोक्त रोगों का इलाज आयुष्मान कार्ड के निर्धारित पैकेज के अंतर्गत होगा। आवश्यकता होने पर मोतियाबिंद के मरीजों को शिविर स्थल से सुखसागर मेडिकल कॉलेज जबलपुर ले जाकर वहां ऑपरेशन भी किया जाएगा। हम फाउंडेशन की सुरेखा जायसवाल एवं सपना अमूल्ये ने इस शिविर में उपस्थित होने वाले नेत्र रोगियों को अपने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड की छाया प्रति के साथ उपस्थित होने की अपील की है।

## काँग्रेस ने पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**तामिया :** ब्लॉक काँग्रेस कमेटी तामिया के द्वारा 30 जनवरी को तामिया में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। सर्वप्रथम पूज्य बापू के छायाचित्र पर पूजन कर माल्यर्पण किया गया एवं 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ काँग्रेस नेता इंद्रकुमार बत्रा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने सत्य, अहिंसा और करुणा के मार्ग पर चलकर दुनिया को मानवता का संदेश दिया, उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्य और अहिंसा दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है। उनके विचार आज भी हमारे मार्गदर्शक है और रहेंगे। उन्होंने भारत ही नही अपितु पूरी दुनिया को नई दिशा दी है। पूज्य बापू के हत्यारों ने सोचा कि उन्हें मारने से उनके विचार भी मर जाएंगे पर सच तो यह है कि पूज्य महात्मा जी और और उनके विचार आज भी जिंदा है और हिंसा आज भी कटघरे में। पूज्य बापू की पुण्यतिथि पर काँग्रेस परिवार उनके श्री चरणों मे कोटि कोटि नमन करता है।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में वरिष्ठ काँग्रेस नेता इंद्रकुमार बत्रा, पर्यवेक्षक घनश्याम तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, समन्वयक मनमोहन साहू, गेंदालाल साहू, सुधीर आहके, बल्लू सोनी, दिनेश मालवीय,शंकर पाल, अनिल साहू, लौकेश डेहरिया, विनोद साहू, सुदीप चौहान, रखिलाल धुर्वे, सुकरवती डेहरिया सहित काँग्रेसजन उपस्थित थे।

## यातायात सुरक्षा, रोजगार पंजीयन एवं पौधरोपण का दिया गया संदेश



**तामिया।** शासकीय महाविद्यालय तामिया, जिला छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों की सुविधा, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता, रोजगार संबंधी जानकारी तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लर्निंग लाइसेंस शिविर, यातायात सुरक्षा जागरूकता, रोजगार पंजीयन एवं रोजगार कार्यालय की उपादेयता तथा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन 30 जनवरी 2026 को किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विजय सिंह सिरसाम, टीआई श्री आशीष जैतवार,आरटीओ से श्री आकाश बंदेवार, श्री तरुण चावले, श्री रितिक मालवीय, श्री भूपेंद्र टेकनकर, पर्यटन विद श्री पवन श्रीवास्तव,राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त श्री छबि लाल अहिरवार, भाजपा नेता श्री सतीश मिश्रा,श्री वतन उपाध्याय, श्री विनोद अग्रवाल संवाददाता श्री आकाश मंडराह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि वर्तमान समय में वाहन चलाने के साथ-साथ यातायात नियमों की जानकारी एवं उनका पालन अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को जिम्मेदार, अनुशासित एवं जागरूक नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हहैटीआई श्री आशीष जैतवार ने विद्यार्थियों को जीवन मूल्यों, जीव सुरक्षा पर बल देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा के पालन तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।आरटीओ शिविर के माध्यम से महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राओं ने एक ही स्थान पर लर्निंग लाइसेंस हेतु आवेदन की सुविधा प्राप्त की, जिससे उन्हें आरटीओ कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े। विद्यार्थियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत लाभकारी बताया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री पवन श्रीवास्तव ने पर्यटन के क्षेत्र में यातायात की भूमिका एवं रोजगारपरक तथ्यों को प्रस्तुत किया।

## संगीतमय शाम सतपुड़ा म्यूजिकल इवेंट ग्रुप छिंदवाड़ा की प्रस्तुति आज

**छिंदवाड़ा।** सतपुड़ा म्यूजिकल इवेंट ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा संगीतमय शाम का आयोजन पेंशनर्स सदन छिंदवाड़ा (परशुराम वाटिका के पास)किया जा रहा है।ग्रुप के माध्यम से नए एवं पुराने गानों की प्रस्तुति 31 जनवरी शनिवार को दी जाएगी।ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा शहर के सभी संगीत प्रेमी साथियों को अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम मैं शामिल होने की अपील की गई है।

## 14 वें वर्ष का प्रांतीय आदिवासी युवक युवती परिचय सम्मेलन

**छिन्दवाड़ाः-** प्रांतीय आदिवायी युवक - युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन आदिवासी ड्रीम टीम के तत्वाधान में 22 फरवरी 2026 दिन रविवार को समय सुबह 11 बजे से वंदना लॉन गेट नंबर दो मुल्ला जी पेट्रोल पंप के सामने ,परासिया रोड़ छिन्दवाड़ा (म.प्र.) में आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक विवाह योग्य युवक - युवती अपना दो रंगीन फोटो के साथ बायोडाटा दिनांक 10 फरवरी 2026 तक समिति के सदस्यों के पास जमा कर सकते हैं।

## श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन



**दमुआ।** श्री श्री सती अनुसुईया माता मंदिर सेवाधाम हनुमान टेकडी दमुआ में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा व्यास परम पूज्य श्री अनुग्रह सागर जी महाराज जी के सानिध्य में चल रही है। भागवत कथा का शुभारम्भ 27 तारीख दिन मंगलवार से कथा चल रही है आज शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया गया जिसमें श्री कृष्ण जी की कथा में हिरण्याकश्यप की कथा का वर्णन किया गया एवं भगवान वामन अवतार की कथा का वर्णन सुनाया गया एवं भगवान वामन अवतार की सुन्दर सी झांकी की प्रस्तुती दर्शायी गई एवं उनकी कथा का सार सुनाया गया एव भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया गया जहां पूरा पण्डाल भक्तीमय हो गया माताऐं खूब झूम उठी आज दिनांक 31 जनवरी दिन शनिवार को गोर्वधन भगवान की पूजा एवं कथा का सार गुरूजी के सानिध्य मे सुनाया जाएगा छप्पन भोग भगवान जी को लगाया जाऐगा श्रीमद् भागवत कथा में समस्त भक्त श्रद्धालुओ से आग्रह किया गया है कि भागवत कथा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान का आर्शिवाद प्राप्त कर पुण्यलाभ अर्जित करें।

## मेले से पहले श्रद्धालुओं में भय, निगम को उठाना होगा सख्त कदम

# आवारा कुत्तों के साये में पातालेश्वर मंदिर मेला व्यवस्थापन में पड़ेगा व्यवधान






हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

जिले के प्राचीन और सिद्ध धार्मिक स्थल पातालेश्वर मंदिर में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गया है। एक ओर जहां महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर और आसपास मेले की तैयारियां जोरों पर हैं, वहीं दूसरी ओर आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मंदिर परिसर, प्रवेश मार्ग और आसपास के क्षेत्र में घूम रहे आवारा कुत्तों के झुंड के कारण श्रद्धालुओं में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुत्ते राह चलते लोगों पर झपटने लगते हैं, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को खासा खतरा महसूस हो रहा है। कई श्रद्धालु भय के कारण मंदिर आने से कतराने लगे हैं, जिससे धार्मिक आस्था के साथ-साथ प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने बताया कि सुबह और शाम के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। मंदिर आने-जाने वाले रास्तों पर कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे दुर्घटना और काटने की आशंका बनी रहती है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो शिवरात्रि के दौरान भारी भीड़ में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए कहा कि निगम द्वारा आवारा गायों को पकड़ने की कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन आवारा कुत्तों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं, जबकि वे ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से कुत्तों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जाए।श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की मांग है कि महाशिवरात्रि से पहले मंदिर परिसर को सुरक्षित बनाया जाए, ताकि लोग बिना भय के दर्शन कर सकें और धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## वीबी जीरामजी एक्ट से बदलेगी गांवों की तस्वीर और होगा रोजगार का सृजन : सांसद



**छिन्दवाड़ा।** भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में विकसित भारत गांरटी फोर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर सांसद बंटी विवेक साहू ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि वीबी जीरामजी केवल एक सरकारी योजना नही बल्कि आने वाली पीढियां के उज्वल भविष्य का रोडमैप है। इससे जहां गांवों की तस्वीर बदलेगी वही गांवों में ही रोजगार का सृजन भी हो सकेंगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनायें अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति तक पहुंच रही है। जिससे गांव, गरीब, किसान और श्रमिक सशक्त हो रहे है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने जिस तरह एसआईआर मे सक्रिय रूप से कार्य किया है उसी तरह से अब इस वीबी जीरामजी अभियान को जन आंदोलन बनाते हुये घर-घर तक इसकी जानकारी पहुचायें, ताकि हर नागरिक विकास की इस यात्रा में सहभागी बन सके। प्रत्येक कार्यकर्ता विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में अपना सक्रिय योगदान दे।

## वी बी-जी रामजी बिल को लेकर हुआ भाजपा का जिला सम्मेलन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के जिला संयोजक संजय पटेल ने बताया कि आज जिला भाजपा कार्यालय में जी राम जी बिल का जिला सम्मेलन आहूत किया गया । भाजपा के शुभांकर जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने कहा कि यह बिल भारत के गांवों का वास्तविक विकास करेगा इसमें मजदूरों को 100 की जगह 125 दिन का रोजगार मिलेगा तथा किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए कटाई व बुवाई के समय 60 दिन का अवकाश रखा जाएगा तथा विकास की योजना अब केन्द्र एवं राज्य नहीं ग्राम सभा एवं ग्राम पंचायत तय करेगी । इसमें जल संरचना, आंगनवाड़ी केन्द्र, पक्के निर्माण कार्य, पानी रोको अभियान, स्वसहायता समूह के लिए भवन बनाना जैसे कार्य शामिल है । मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर से विकसित ग्राम से विकसित भारत का निर्माण होगा । इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि लोकसभा में पारित यह बिल गांधी जी के सपनों को साकार करने वाला है इससे ग्रामीण संरचना में आमूलचूल परिवर्तन होगा । नियमित डिजिटल भुगतान तथा एआई की मदद से पक्के निर्माण कार्य किए जाएंगे।

## महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसजन ने किया बापू को नमन



**परासियाः-** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को परासिया में शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। बापू के छायाचित्र पर कांग्रेसजन ने पुष्पहार अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन किए और उनके महान विचारों को याद किया। कांग्रेस के वक्ताओं ने कहा कि पूज्य बापू ने हमेशा ही मानवता की रक्षा व सेवा के लिए अहिंसा को बल दिया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परासिया विधायक श्री सोहन वाल्मीकि ने कहा कि बापू ने सत्य, अहिंसा व प्रेम के मार्ग पर चलकर पूरी दुनिया को शांति व सद्भाव का संदेश दिया। आज जब समाज में नफरत, हिंसा व असहिष्णुता बढ़ रही है। ऐसे समय में महात्मा गांधी जी के विचार और भी अधिक प्रासांगिक हो जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रपिता को नमन करते हुए कहा कि वर्तमान की विचारधारा से लड़ने के लिए नितांत आवश्यक है कि हम सभी को एकजुट होकर बापू के बताए हुए मार्ग पर चलते पुनः समाज को एकजुट व राष्ट्रहित में जन-जन को जोड़ना होगा। आयोजित कार्यक्रम के उपरांत समस्त कांग्रेसजन ने एकजुट होकर बार्डर- दो फिल्म देखने परासिया की टॉकीज पहुंचे। आयोजित कार्यक्रम में विश्वनाथ ओकटे, सोहनलाल वाल्मीकि, सुजीत सिंह चौधरी, गोलू पटेल, राजीव तिवारी, सुभाष गुलबाके, कमल राय, गगन सिघ खंडूजा, बसन्त मालवी, विवेक मिश्रा, प्राशान्त शर्मा, अंजली श्रीवास्तव, सावित्री वर्मा, मानक वेलवंशी, किशोर उइके, हरि वर्मा, भरत डेहरिया, ब्रज कुमारी सरेआम, सुशील जायसवाल, राजा राय, बिट्टू डेहरिया, आकाश यदुवंशी, सकून विसन्दरे, शिवा रावतेल व शैफ खान सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## खजरी रोड क्षेत्र में अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई, एक गुमठी जब्त





**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा खजरी रोड ब्रिज के नीचे एवं देव होटल के सामने अम्मा अस्पताल की बाउंड्री वॉल से लगी अवैध गुमठियों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान एक गुमठी को जब्त किया गया तथा मौके पर फटका मशीन पहुंचाई गई। इसके साथ ही गुमठियों के सामने लगाए गए पाल, परदे एवं पंडाल भी हटवाए गए। नगर निगम अमले द्वारा संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त समझाइश दी गई।

## सांसद ने मरीज को दिलाई 30 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक मरीज को 30 हजार की सहायता राशि स्वीकृत की है। इस राशि से मरीज का नागपुर के अस्पताल में बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि गंभीर रूप से बीमार मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुये बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने की गुहार लगाई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुये सांसद श्री साहू ने मुख्यमुंत्री श्री यादव को पत्र प्रेषित कर मरीज को ईलाज के लिए आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने उनकी स्वेच्छानुदान मद से छिन्दवाड़ज्ञ निवासी पूजा पति पवन सोनी को 30 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीज और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

# सांसद विवेक साहू ने सुनी आमजनों की समस्याएं और किया तत्काल निराकरण

### सांसद ने सांसद कार्यालय में की आमजनों से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार को सांसद कार्यालय में आमजनों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को जाना और उसका निराकरण किया। शुक्रवार 30 जनवरी को सांसद श्री साहू से मिलने के लिए सांसद कार्यालय में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। आमजनों से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने सभी की समस्याओं सुनते हुए उसका निराकरण किया।

सांसद कार्यालय में अपनी समस्या लेकर पहुंचे आमजनों ने भी सांसद श्री साहू को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उसका निराकरण करने का निवेदन किया था। जिस पर श्री साहू ने अधिकांश समस्याओं का तत्काल ही निराकरण कर संबंधित अधिकारियों को फोन के माध्यम से समस्या से अवगत कर उसका निराकरण करने के लिए कहा, वही कुछ समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन संबंधित आवेदनकर्ताओं को दिया। इस दौरान छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले से आए हुए आमजनों सहित कुछ सामाजिक और अन्य संगठनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।

उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू सांसद कार्यालय सहित जिले में दौरे के दौरान लगातार लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते हुए उनका निराकरण कर रहे है। आमजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण होने से वे सांसद बंटी विवेक साहू का आभार भी व्यक्त कर रहे है।

## कृषि छात्रों ने किया मशरूम का उत्पादन

**छिंदवाड़ा।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी में व्यवसायिक शिक्षा कृषि विषय के छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के अंतर्गत मशरूम उत्पादन अभ्यास प्रदान किया जा रहा है, इसी क्रम में विद्यालय में 62 छात्र-छात्राओं को द्वारा मशरूम उत्पादन के विशेष व्यवसायिक कार्यशाला में सहभागिता की जा रही है । इस मशरूम अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा भविष्य में स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ना है । भविष्य की नींव है रोजगार की भावना को साकार करते हुये विद्यार्थियों को आधुनिक एवं लाभकारी कृषि तकनीकी की जानकारी दी जा रही है ।

### आरकेएस बैठक में एक्स-रे, ईसीजी शुल्क तय, गंदगी व शराब पर जुर्माना

# फेस रीडिंग से लगेगी हाजिरी, अस्पताल में सख्ती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



सिविल अस्पताल पांढुर्णा में शुक्रवार को संपन्न रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) की बैठक में अस्पताल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई अहम और सख्त फैसले लिए गए। डॉक्टरों एवं कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अस्पताल में बायोमेट्रिक फेस रीडिंग सिस्टम लगाए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में विधायक निलेश उईके ने विधायक निधि से सिविल अस्पताल को प्रोजेक्टर उपलब्ध कराने की घोषणा की, साथ ही अस्पताल परिसर में पार्किंग शेड निर्माण के लिए भी सहमति दी। बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे, जनपद अध्यक्ष लता तुमडाम, कृष्णचंद खुडखुडिया, एसडीएम अलका एक्का, बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे, डॉ. विनीत श्रीवास्तव, डॉ. मिलिंद गजभिए, सुरेश टेकाम, सरिता उके, देवराव कुरे, राजेश हांडे, रजनी बंसोड, रमेश चिकाने सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में अस्पताल परिसर की खुली नालियों को सीमेंट चेंबर से बंद कराने, पोस्टमार्टम भवन में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य कराने के प्रस्ताव पारित किए गए। इसके अलावा एक्स-रे जांच के लिए बीपीएल मरीजों को छोड़कर अन्य मरीजों से 50 रुपये तथा ईसीजी जांच के लिए 30 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया। अस्पताल परिसर में गंदगी फैलाने, शराब पीकर आने, गुटखा खाने या थूकते पाए जाने पर 200 रुपये का जुर्माना लगाए जाने का भी निर्णय लिया गया, ताकि परिसर में स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखा जा सके।

बैठक में अस्पताल परिसर में न्यूनतम पार्किंग शुल्क तय कर ठेका दिए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया, लेकिन अधिकांश सदस्यों के विरोध के चलते इसे पारित नहीं किया गया।आरकेएस की इस बैठक में लिए गए फैसलों को सिविल अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार और मरीजों की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

## रैली में सैकडों किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी रहे शामिल

# गूंजा जय जवान जय किसान का नारा, निकली किसान जागरूकता के लिए बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

यहां किसान कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में किसान जागरूकता के लिए भव्य मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। यह रैली कृषि उपज मंडी समिति से निकलकर तीन शेर चौक, तार बाजार, शाह पेट्रोल पंप, बस स्टैंड और अन्य क्षेत्रों से होते हुए गुजरी। इस किसान जागरूकता रैली का समापन कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया। रैली में सैकडों किसान, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे।

शासन की मंशा के अनुसार किसानों के प्रति सम्मान प्रगट करने, खेती को लाभप्रद बनाने जागरूकता पैदा करने, कृषि पशुपालन, उद्यानिकी व सहकारिता विभागों द्वारा किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने, साप्ताहिक जैविक एवं नियमिति हाट बाजारों को लेकर जागरूकता लाने, उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था ई-विकास प्रणाली की जानकारी देने, धरती माता बचाओ अभियान के तहत संतुलित उर्वरकों को बढावा देने, नरवाई प्रबंधन की जानकारी देने, गौ पालन को प्रोत्साहित कर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने आदि उद्देश्यों से जिला मुख्यालय में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में एसडीएम अलका एक्का, एसडीओ कृषि अर्चना डोंगरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विनोद लोखंडे, प्रगतिशील किसान योगेश भलावी, कृषि, राजस्व, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता सहित अनेक विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




## प्रथमेश राजपूत का ओलंपियाड 2026 जिला स्तरीय द्वितीय चरण में हुआ चयन



जुन्नारदेव। जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय सीएम राइस स्कूल दमुआ के कक्षा छठवीं के छात्र प्रथमेश राजपूत पिता शैलेंद्र सिंह राजपूत का ओलंपियाड परीक्षा 2026 के जिला स्तरीय द्वितीय चरण में अंग्रेजी विषय में चयन हुआ है, उन्होंने यह सफलता अपने स्कूल के शिक्षकों एवं अपने पिता के कुशल मार्गदर्शन में प्राप्त की है। उनकी इस सफलता पर समस्त स्कूल परिवार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## संत चावरा नेशनल अकादमी ने अपने सितारों को अलविदा कहा




परासिया : संत चावरा नेशनल अकादमी में डेस्पेडिडा 2025 - 26 समारोह यादगार रहा । इस अवसर की शुरुआत आशीर्वाद समारोह से हुई । जिसने एक आनंदमय दिन की शुरुआत की।छात्रों ने आकर्षक नृत्यों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जबकि शिक्षकों ने सुमधुर गीतों से सबका दिल जीत लिया। खेलों, हंसी और भावपूर्ण क्षणों से माहौल में उत्साह था ।एक विशेष फोटो और वीडियो गैलरी ने सभी को नॉस्टैल्जिक बना दिया । प्रिंसिपल फॉदर जैसन ने छात्रों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।वरुण मालवीय और आस्था गुप्ता को मास्टर और मिस चावरा चुना गया, जबकि भूमी बुनकर और वात्सल्य शेल्के को मास्टर और मिस इवेंट से नवाजा गया। साधना डेहरिया को दी एचीवर अवॉर्ड दिया।स्कूल लीडर वात्सल्य शेलके ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में आभार व्यक्त किया।

## स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि, बापू की प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण



बड़कुही / परासिया :- नगर पंचायत बड़कुही में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई । अध्यक्ष भरत डेहरिया ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । कार्यक्रम में मौजूद सी एम ओ रंजीत अहाके , परिषद के पदाधिकारी , पार्षद आदि ने मौन रखकर श्रद्धांजलि दी ।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सिंगोड़ी में मतदाताओं को दिलाई शपथ ओर निकाली जागरूकता रैली

छिंदवाड़ाः- आमजनों को अधिक से अधिक मतदान करने व मतदान हमारा अधिकार के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रुप मे ग्राम के सरपंच कपिल ठाकुर ,विशेष अतिथि बी आर सी विनोद वर्मा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष परसादी पटेल माय भारत छिंदवाड़ा के जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली, समाजसेवी श्यामल राव , प्राचार्य बी एस सीलू , जिसके तहत आज अमरवाड़ा विकास खंड के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिंगोडी मे माय भारत छिंदवाड़ा शिक्षा विभाग प्रशासन,के द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सुषमा गवली ने उपस्थित जनो को सम्बोधित करते हुये बताया की आज के इस कार्यक्रम मे छात्रो के द्वारा रैली ,सायकल रैली सेल्फी प्रर्दशन, जागरूकता कार्यक्रम, संवाद ओर शपथ आदि गतिविधियों के माध्यम से वोट के महत्व को समझाया गया सरपंच कपिल ठाकुर ने लोकतंत्र की निर्वाचन प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं से कहा कि अपने ग्राम मे निवासरत व्यक्ति जिन्होंने 18 वर्ष पूर्ण कर लिया हो।

## शिवपुरी में हो रहा रेत का बेखौफ़ कारोबार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

रावनवाड़ा - शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवपुरी और आसपास के क्षेत्र में रेत का कारोबार बेखौफ़ जारी है । जो प्रशासन पर सवालिया निशान लग रहा है । हाल ही में एक मंदिर परिसर से लगभग 28 ट्राली अवैध रेत जप्त की गई । उसके अगले ही दिन शुक्रवार को नायब तहसीलदार ने अवैध रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया । इसके पूर्व भी नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी के द्वारा परासिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अलग - अलग स्थानों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई और रेत के कारोबार पर अंकुश लगाने का भरसक प्रयास किया गया । बावजूद इसके स्थानीय अधिकारियों की मदद से रेत के कारोबारी अपने काम को अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं । शिवपुरी के ग्राम हरनभटा (लोहांगी) में रेत का अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाये जाने पर ट्रेक्टर ट्राली सहित जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया । यह ट्रैक्टरसिरगोरा निवासी रितेश पिता बलवंत चंद्रवंशी का बताया जा रहा है । शुक्रवार को हुई इस कार्रवाई से जाहिर है , कि प्रशासन कितनी ही कोशिश कर ले , जब - तक सेटिंग वाले अधिकारी रहेंगे तब - तक अवैध कारोबार पर पूर्णतः अंकुश नहीं लगाया जा सकता ।

### रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

जुन्नारदेव। आज दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर मंडल की रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक नागपुर मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में नागपुर डी आर एम ऑफिस सभाकक्ष में संपन्न हुई जिसमे जिले का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि व जेड आर यू सी सी मेम्बर सत्येन्द्र ठाकुर ने किया जिसमे जिले के रेल विकास से संबंधित विभिन्न विषय बैठक में रखे गए जो निम्नानुसार है 1.छिन्दवाड़ा,सिवनी बालाघाट वालो के लिए अभनपुर दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस या बिलासपुर दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस वाया रायपुर ,दुर्ग,गोंदिया,बालाघाट,नैनपुर,सिवनी, छिन्दवाड़ा,आमला ,भोपाल ,राजगढ़ ,कोटा चलाई जाये अमनपुर इंदौर अमृत भारत एक्सप्रेस या बिलासपुर इंदौर भारत अमृत भारत एक्सप्रेस वाया रायपुर दुर्ग गोंदिया बालाघाट नैनपुर सिवनी छिन्दवाड़ा आमला भोपाल उज्जैन चलाई जाये और बिलासपुर मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस वाया रायपुर दुर्ग गोंदिया बालाघाट नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा आमला खंडवा चलाई जाये रेलवे प्रशासन ने अपने जबाब में बताया कि नई गाड़ी चलाने का मामला रेलवे मुख्यालय प्रेषित किया जाएगा।

## जहां मन करें, वहां खड़ा कर देते हैं वाहन, लगता है जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

ऐसा कोई दिन नहीं गुजरता जिस दिन परासिया शहर के किसी न किसी मार्ग पर जाम न लगता हो । ऐसा इसलिए होता है , कि जिसका जहां मन करता है , अपना वाहन खड़ा कर देता है और जाम लग जाता है ।परासिया शहर से गुजरने वालों को आय दिन जाम का सामना करना पड़ता है । दुकानें सड़क तक फैलने से सड़क वैसे ही कम हो जाती है , ऊपर से लोग भी अपनी मन मर्जी से जहां चाहो वाहन खड़ा कर गायब हो जाते हैं । शुक्रवार को भी एसा ही हुआ एक महाशय अपनी कार गुरु गोविन्द सिंह तिराहे के समीप स्तिथ अस्थाई पुलिस चौकी के समीप खड़ा कर ला पता हो गए । एक बड़ा ट्राला वहां से गुजरा तो जगह नहीं होने के चलते जाम लग गया । पुलिस वाले कार वाले को ढूंढ़ते रहे । बमुश्किल जाम खुला । इस क्षेत्र में स्टेशन रोड पर वैसे ही मक्के से भरे ट्रकों की आवाजाही के चलते जाम लगता रहता है । शहर के लोग कई अरसे से जाम मुक्त यातायात व्यवस्था की उम्मीद रखे हुए है , पर नसीब कब खुलेगा पता नहीं । यातायात व्यवस्था सही करने के चक्कर में कई बार अतिक्रमण हटाने का डिंढोरा पीटा गया , पर कार्यवाही हमेशा नाप - जोख तक ही सीमित रहती है ।



## किराना दुकान में चोरी : 8-10 हजार का सामान और नगदी चोरी

### ग्राम पंचायत पीपलगांव में पंचायत कार्यालय के सामने की घटना



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** पिछले कुछ समय से लांजी क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं, वे लगातार चोरी की घटनाएं करते हुए पुलिस के लिए चुनौती बने हुए हैं। हाल के दिनों में लांजी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों एवं आमजनों द्वारा पुलिस को जल्द से जल्द चोरों को पकडऩे की मांग की जा रही है। ताजा मामला लांजी थानांतर्गत ग्राम पीपलगांव का प्रकाश में आया है जहां ग्राम पंचायत भवन के सामने स्थित एक बुजुर्ग की किराना दुकान में बीती 29 जनवरी की रात्रि चोरी की घटना हुई। दुकान संचालक सोनपत पांचे ने बताया कि गुरुवार की शाम को वे दुकान बंद करके घर चले गए थे। दुकान में 5 लीटर पेट्रोल, नमकीन, बिस्किट और कुरकुरे के पैकेट एवं नगद 2500 रुपये थे, जो चोरों द्वारा चुरा लिए गए हैं। सोनपत पांचे ने बताया कि उनका 15 दिन पहले ही आंखों का ऑपरेशन हुआ है, जिसके कारण उन्हें अभी ठीक तरह से दिखाई नहीं देता और वह दुकान जल्दी बंद करके चले गए थे। जिसके बाद चोरों ने रात्रि में दुकान को अपना निशाना बनाया और चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना में लगभग 8-10 हजार का सामान और नगदी चोरी हुआ है। पुलिस थाना लांजी को फोन पर सूचना दी गई है, जिनके द्वारा मौका स्थल पर जाकर जांच करने की बात कही गई है। दुकान संचालक सोनपत पांचे ने लांजी पुलिस से मामले की सूक्ष्मता से जांच कर चोरो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए न्याय दिलाने की अपील की है।

## तेजस्वी और टीएलएम मेले में विद्यार्थीयो ने दिखाया कौशल ज्ञान



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री शास.उच्च.माध्य भेंडारा में कक्षा ग्यारहवीं के बायो संकाय के विद्यार्थियों के द्वारा 29 जनवरी गुरुवार को तेजस्वी मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान विधार्थीयो के द्वारा रोजगार मुखी पोडेक्ट बनाकर आत्मनिर्भरता की सकारात्मक सोच को किया उजागर। बताया गया की पीएम श्री योजना के अंतर्गत इस मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों के कौशल ज्ञान को उन्नयन करना, उनमें नवाचार उत्पन्न करना, नए सोच को विकसित करना, नए आइडिया को उत्पन्न करना और अपने नए-नए प्रोडक्ट बनाकर बाजार में बेचना और उससे लाभ कमाना है। जिससे विद्यार्थी अपने रोजगार का निर्माण स्वयं कर सके और अपने भविष्य को सुरक्षित कर सके। तेजस्वी कार्यक्रम के प्रभारी श्री विजय कुमार गुप्ता के द्वारा इस कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को तैयार कर मेला आयोजित करवाए में विशेष सहयोग प्रदान किया । टीएलएम मेला के अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा नए-नए सहायक शिक्षक सामग्री को तैयार कर अपने-अपने विषय की प्रति अभिरुचि दिखाई ताकि उन्हें विषयों की कठिनाई को समझने में आसानी हो सके। टीएलएम कार्यक्रम प्रभारी श्री आशीष पारधी ने विद्यार्थीयो को टीएलएम सामग्री बनाने के संबंध में अनेक जानकारियां प्रदान की और उनकी सहायता की। संस्था के प्राचार्य श्री रविकांत नगपूरे द्वारा दोनों ही मेले के आयोजन के संबंध में बच्चों के कौशल उन्नयन एवं नवाचार के संबंध में उनकी बहुत-बहुत प्रशंसा की और कहा कि शासन की यह योजना विद्यार्थियों के लिए निश्चित रूप से उनके भविष्य में रोजगार उत्पन्न करने एवं विषयों की प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने की दिशा में अच्छी व सकारात्मक पहल है।

### जर्जर भवन को डिस्मेंटल कर नवीन भवन बनवाने की दी सलाह

## एसडीएम जायसवाल ने किया माध्यमिक शाला का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल द्वारा गुरुवार को एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला लोहारा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें जीर्ण शीर्ण माध्यमिक शाला भवन की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए भवन को डिस्मेंटल कर नया भवन बनाए जाने हेतु अपना मत व्यक्त किया। इस अवसर पर कब-बुलबुल के बच्चों ने सेल्यूट कर उनका अभिवादन किया व कब प्रार्थना और झंडा गीत सुनाया। इस अवसर पर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक लालबर्रा श्रीराम तुरकर भी साथ में थे।

### मध्यान्ह भोजन को गुणवत्तापूर्ण पाकर की प्रशंसा

दोनों अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों का भी निरीक्षण किया। जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा व एफ एल एन की स्थिति को संतोषजनक पाया। उन्होंने मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण भोजन पाए जाने पर प्रशंसा की। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाए जाने व साफ सफाई का ध्यान रखने का सुझाव दिया। स्काउट मास्टर हरि प्रसाद देशमुख ने राष्ट्रीय स्तर पर कब-बुलबुल उत्सव में शामिल होने वाले बच्चों का अधिकारियों से परिचय कराया। जिस पर अतिथि द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रधान पाठक सत्य प्रकाश डोंगरे, शिक्षक हरी प्रसाद देशमुख, शिक्षिका श्रीमती आशा ठाकरे, श्रीमती तोषीया बिसेन, श्रीमती सरिता देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत लोहारा, धनेंद्र कड़पेती सचिव, कपिल अमूले हल्का पटवारी, अभिषेक प्यासी कोटवार, अरविंद चौधरी, बीआरसी कार्यालय से लिपिक दीपांकर मेश्राम, रसोईया सुश्री माया दावने, श्रीमती अनीता भालेकर, श्रीमती धनवंता कड़पेती, श्रीमती कानतन कड़पेती भी उपस्थित रहे।

## प्रतिमाह बहेला , लांजी, भानेगांव, साडरा, कुम्हारीकला, बोलेगांव, घोटी में स्वास्थ शिविर सम्पन्न- विशाल राउत खोंगल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



महावीर इंटरनेशनल लांजी, जिला बालाघाट म प्र (रीजन-9 ) द्वारा प्रतिमाह 27 जनवरी ,28 जनवरी,29 जनवरी ,30 जनवरी 2026 को आयोजित महावीर स्वास्थ शिविर के द्वारा अनेक लोगों की सेवा कार्य किया जा रहा है। सेवा, प्रेम और शांति का संदेश फैलाना, सबकी सेवा, सबको प्यार' यही महावीर इंटरनेशनल का मूल मंत्र है।हमारा हर एक कदम समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण में ,प्रत्येक कार्य, प्रत्येक पहल इसी भावना को समर्पित है।अब समय है कि सभी मिलकर। सेवा कार्य के इस संदेश को पूरे समाज और विश्व में और ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाए।इसलिए हम सभी धर्मों, सभी आयु-वर्ग के लोगों से आह्वान करते हैं, आइए, प्राणिमात्र की सेवा के इस अभियान में सहभागी बनें ,और एक ऐसा कदम उठाएँ जो किसी भी तरह की सीमाओं और भेदभावों को मिटाकर प्राणिमात्र की सेवा के लिए समर्पित और प्रेम का मार्ग प्रशस्त हो, आइए, हम मिलकर सेवा, समर्पण और प्रेम का अद्भुत संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचाए। महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा दिनांक 27 जनवरी से 30 जनवरी तक प्रतिमाह निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन आज , लांजी, भानेगांव, कुम्हारिकला, बोलेगांव, घोटी, बहेला , साडरा कान्द्रिकला, रिसेवाडा, कारंजा, सभी स्थानों पर आयोजित किया गया, साथ ही प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह जी ,और सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया, इस अवसर पर चयनित हुए लोगों को स्वास्थ मार्गदर्शन लाभ के लिए समर्पित सेवा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा,महावीर इंटरनेशनल के जोन चेयरमेन महाकौशल & चेयरमैन लांजी श्री विशाल राउत खोंगल , ने बताया कि अब नागरिकों को प्रतिमाह 27,28,29, 30 तारीख को सुनिश्चित सभी महावीर सेवा केंद्र स्थानों पर शिविर सम्पन्न कराया जाता हैं,लोगों की सुविधा प्रदान करने के लिए प्राणी मात्र सेवा के लिए समर्पित महावीर इंटरनेशनल लांजी, द्वारा महावीर स्वास्थ सेवा केंद्रों के द्वारा सुविधा स्थानीय लोगों के स्वास्थ सहयोग प्रदान के लिए किया जा रहा है । अब नागरिकों को दूर दूर तक सफर करने की जरूरत नहीं अपने निकटतम सेवा केंद्र में पहुंचकर जांच परामर्श मार्गदर्शन प्राप्त कर सेवा का लाभ ले । मरीजों की सारी सुविधा केंद्र से ही प्रदान किया जाएगा केंद्र से ही सुविधा प्रदान करेंगे।

### आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 7 में ध्वजारोहण



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** आंगनवाड़ी केंद्र पानी टोला में श्रीमती उषा गिरे समाजसेवी ने भारत माता डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर महात्मा गांधी की फोटो पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल करके ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर राष्ट्रगान कर वीर शहीदों को याद किया। सेंट्रल सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया उकवा में राहुल पारधी प्रधान खदांची ने ध्वजारोहण बैंक में किया। पोस्ट ऑफिस में आशीष वासनिक एवं अन्य सभी इस दौरान श्रीमती उषा गिरे भाजपा मंडल महामंत्री आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीता गेडाम, प्रणिता खंगार सहायता कौशल्या अहि गए सुनीता हीरकने श्रीमती रामवती बाबूलाल योगेश भोयर संजय चौहान सुरक्षा गार्ड किशोर पर वार लतीश बिसेन अंकुश चौक से संदीप खांडेकर संतोष गेडम श्रवण चौहान ओम प्रकाश चौक से सभी सहयोगी जनों का धन्यवाद करके कार्यक्रम संपन्न किया गया।

### सुबह निकलेगी भव्य मानव शोभा यात्रा

## लावनी में आज परमात्मा एक सेवकों का भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** खैरलाँजी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लावनी में आगामी 31 जनवरी शनिवार को मानव धर्म के अनुयायियों का एक विशाल संगम परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सीमावर्ती क्षेत्रों के सेवकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

आयोजक समिति ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सम्मेलन महान त्यागी बाबा जुमदेवजी के उन सिद्धांतों को समर्पित हैं, जो मानव को अंधश्रद्धा, व्यसनों और सामाजिक बुराइयों से मुक्त कर एक स्वस्थ और सुखमय जीवन जीने की राह दिखाते हैं। बाबा जुमदेवजी ने आजीवन गरीब, अज्ञानी और शारीरिक, मानसिक दुखों से पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश दिया है। इसी जनजागृति अभियान को आगे बढ़ाने के लिए खैरलाँजी क्षेत्र के ग्राम लावणी की पावन धरा पर सेवकों का यह विशाल सेवक सम्मेलन होने जा रहा है।

इस भव्य सेवक सम्मेलन की अध्यक्षता परम पूज्य परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के अध्यक्ष रविन्द्र जी गायधने करेंगे। सेवक सम्मेलन के उद्धघाटक रमेश जी नकाते, कार्यक्रम के संचालक योगेश रीनायत मार्गदर्शक हेटी एवं श्यामा जी कोबडे मार्गदर्शक घोटी और कार्यकर्तागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस भव्य सेवक सम्मेलन में आयोजक समिति के वरिष्ठ कार्यकर्ता खैरलाँजी परिसर के मार्गदर्शक राजेश बंसोड़, खेलीराम बिजेवार, सुभाष तुमसरे, राधेश्याम सोनवाने, योगेश रीनायत, विजय कातरे, रविंद्र शेरकुरे, कीर्तिकुमार देवगड़े, श्यामाजी कोबडे, युवराज चौधरी, अशोक नेरकर, सम्पत लिल्हारे, परमानंद खरोले, अनिल कातरे पत्रकार एवं समस्त सेवक-सेविकाओं ने अपील की है कि वह इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर भगवत कृपा का लाभ उठाएं।

जानकारी अनुसार 30 जनवरी की रात्रि में बाबूसाहब गजभिये द्वारा कलापथक भजन की सुंदर प्रस्तुति दी जायेगी। 31 जनवरी को सम्मेलन की शुरूआत सुबह 6 बजे से 7 बजे तक बढगु मेश्राम के निवास पर सामूहिक हवन कार्य के साथ होगी। इसके बाद सुबह 8 बजे से ग्राम लावनी की सडक़ों पर मानव धर्म शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### जिला सर्व सेन समाज की बैठक आज मठ मंदिर में

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सर्व वर्गीय सेन (नाई) समाज की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को सिवनी नगर के सिद्धपीठ मठ मंदिर में दोपहर एक बजे से रखी गई है। बैठक में सेन, सराठे, श्रीवास, बंदेवार सहित समाज की विभिन्न उपजातियों को एक मंच पर लाकर जिला सर्ववर्गीय सेन समाज के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के समाजजनों को संगठित कर शिक्षा, सामाजिक एकता एवं सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस पहल करना है। जिले के जागरुक सामाजिक जनों से अपेक्षा व्यक्त कर कहा गया है, कि वर्षों से असंगठित होने के कारण सेन समाजिक जनों को विभिन्न स्तर पर उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है। ऐसे में जरूरत है समाजिक जनों के संगठित होने की। सभी समाजिक जनों से कहा गया है कि इस पहल को समर्थन देते हुए बैठक में उपस्थिति प्रदान कर अपने विचार और सुझाव व्यक्त करें, ताकि आगामी कार्ययोजना तय की जा सके।

### सांसद श्री कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** लोकसभा एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति सभापति एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत प्रवास कार्यक्रम अनुसार 31 जनवरी 2026 को सिवनी जिले के प्रवास में रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार सांसद श्री कुलस्ते दोपहर 2.00 बजे सिवनी पहुँचकर दिशा समिति की बैठक एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत श्री कुलस्ते शाम 5.00 बजे नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# अवैध रेत उत्खनन: दो ट्रेक्टर जप्त कर खनिज विभाग ने की कार्यवाही

**गत दिवस सिवनी जिले की बहुचर्चित रेत खदान नसीपुर धनई नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन की जानकारी खनिज विभाग को मिली**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



खनिज अधिकारी श्रीवंती परते द्वारा दो ट्रेक्टर क्रमशः नीतू देशमुख और मिथलेश बाहेंश्वर के ट्रेक्टर को पकडकर पुलिस थाना परिषर उगली में लाकर खडा कर दिया गया, इस संदर्भ में श्रीवंती परते ने मीडीया को बताया कि यह ट्रेक्टर रेत खदान के निकट बिना रायल्टी के रेत खनन कर रहे थे, जो दोपहर में हमारे द्वारा जप्त कर उगली थाने मे खडा कर दिया गया है, अब यह देखना है कि इन ट्रेक्टरों की जांच कर कौन सी धारा के तहत मामला बनाते है, क्योंकि अधिकाँश ट्रेक्टरों में ना पेपर्स, होते है, ना फिटनेश, ना ही बीमा जबकी यह ट्रेक्टर कृषी कार्यो के लिय क्षेत्रीय किसान उपयोग करते हैं, ट्रेक्टर के ईंजन और ट्राली दोनों का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य रहता है, और सडक पर परिवहन की भी परमीशन रहती है, लेकिन इसके विपरित क्षेत्र में रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर अक्सर देखे जाते है. रात के अंधेरे में बिना रायल्टी के रेत का कारोबार इन खदानों के नजदीक ग्रामों में अक्सर देखा जाता है. इस संदर्भ में पुलिस थाना उगली को जब भी शिकायत दी जाती है, तो ये यह कहते नजर आते हैं, कि यह हमारा काम नहीं है, यह राजस्व और खनिज विभाग का काम है. पां. छपारा, सरेखा और उगली के आसपास पूरे उगली थाना क्षेत्र में बिना रायल्टी की रेत परिवहन का कार्य किय जाता है. इसके विपरित चिन्हित रेत खदान खुरसुरा और बागडोंगरी, नसीपुर शाषन के द्वारा संचालित की जा रही है. जो ट्रक डंफरों द्वारा रायल्टी के साथ परिवहन हो रहा है.

# शंकराचार्य चौक में गणेश जी का 35वां स्थापना दिवस, तीन दिवसीय पाटोत्सव 3 फरवरी से

**अभिषेक, 56 भोग, सहस्त्र अर्चन, भजन व महाआरती सहित होंगे विविध आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



**नगर के शंकराचार्य चौक स्थित श्री गणेश मंदिर (छिंदवाड़ा चौक) में भगवान श्री गणेश जी का 35वां स्थापना दिवस समारोह इस वर्ष 3 फरवरी 2026, मंगलवार से हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। तीन दिवसीय पाटोत्सव के अंतर्गत अभिषेक, पूजन, हवन, दीपदान, भजन एवं महाआरती जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।**

मंदिर समिति के अनुसार यह आयोजन विश्व शांति, प्राकृतिक आपदाओं से मुक्ति, संकट निवारण और मनोकामना पूर्ति की भावना से किया जा रहा है। भक्तजनों से सामूहिक पूजन-अर्चन में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आह्वान किया गया है। विशेष रूप से विद्यार्थियों को शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया है। पहला दिन - 3 फरवरी (मंगलवार) प्रातः 7 बजे अभिषेक एवं आकर्षक श्रृंगार, 8 बजे सामूहिक गणेश मंत्र जाप व आरती, 12 बजे 56 प्रकार के व्यंजनों का महाभोग, 3 बजे हवन पूजन, 6 बजे 108 दीपों का दीपदान तथा रात्रि 8 बजे आरती पश्चात महाप्रसाद वितरण होगा। दूसरा दिन - 4 फरवरी प्रातः 8 बजे पूजन-आरती, दोपहर 2 बजे सहस्त्र अर्चन के बाद महिला मंडल द्वारा भजन, रात्रि 8 बजे महाआरती होगी। तीसरा दिन - 5 फरवरी (गुरुवार)प्रातः 8 बजे श्रृंगार, पूजन एवं आरती, दोपहर 3 बजे मासिक गणेश चतुर्थी हवन-पूजन व दीपदान, तत्पश्चात महाआरती संपन्न होगी। मंदिर समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए मंदिर के पुजारी पं. हरिकुमार तिवारी से संपर्क 9424966106 किया जा सकता है।

# ग्रामोदय से अभ्युदय की ओर कदम : तिघरा में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश पर संगोष्ठी

**सिवनी।** सिवनी ब्लॉक के ग्राम तिघरा में गुरुवार 29 जनवरी 2026 को ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नवअंकुर संस्था बहुउद्देशीय शहरी एवं ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा।



यह संगोष्ठी स्वामी विवेकानंद जयंती (12 जनवरी) से प्रारंभ ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसके माध्यम से मैदानी स्तर पर पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।ग्राम के सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गांवों के सशक्तिकरण से ही राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। संस्था अध्यक्ष बद्री सनोडिया ने कहा कि जब गांव आत्मनिर्भर, शिक्षित और सशक्त होंगे, तभी प्रदेश और देश मजबूत बनेंगे। ग्रामोदय ही अभ्युदय का मूल आधार है। उन्होंने ग्रामीण विकास, स्वावलंबन, महिला सशक्तिकरण और युवाओं की भागीदारी पर विशेष जोर दिया।कार्यक्रम में अनिल यादव ने सामाजिक समस्याओं, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और संस्कारों के संरक्षण पर प्रकाश डाला। रुक्मणी सनोडिया ने ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता विषयों पर जानकारी दी, वहीं अंजना मालवीय ने रोजगार सृजन और स्वरोजगार के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की।संगोष्ठी में ग्राम सरपंच, अंजुम खान, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजेश यादव, धन्ना बरमैया, सुमित, अंसुईया, रजनी, कविता, शारदा, दीपा, आदित्य, प्रियांशु, नमन सहित अन्य ग्रामीणों ने सहभागिता की।

### भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में नगर पालिका में रखा गया मौन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज दिनांक 30 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे नगर पालिका सिवनी कार्यालय में नगर पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा 02 मिनट का मौन रखा गया। विदित होवे कि प्रतिवर्ष 30 जनवरी को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की स्मृति में यह मौन धारण किया जाता है। इसी तारतम्य में यह आयोजन नगर पालिका सिवनी किया गया।



# नवांकुर संस्था - सतयोगी सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत (ग्रामोंउत्सव) चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नवांकुर संस्था - सतयोगी सोसाइटी फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट संस्था के द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के अंतर्गत (ग्रामोंउत्सव) चौपाल का कार्यक्रम किया गया।

इस अभियान का व्यापक उद्देश्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का निर्माण करना और ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करना है,इसमें नशा मुक्ति, स्वदेशी को बढ़ावा, गौ - संरक्षण, और जन भागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत सिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत परासिया में (ग्रामोंउत्सव) चौपाल का कार्यक्रम किया गया यह अभियान पूरे मध्य प्रदेश में 12 से 26 जनवरी तक चलाया जा रहा है

19/01/2026 जनवरी को ग्राम पंचायत परासिया में इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं नवांकुर संस्था, ग्राम विकाशप्रस्फुटन समिति एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया और शासन की योजनाओं का संदेश पूरे क्षेत्र में प्रसारित किया कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक श्री सौरभ शुक्ला सर एवं ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के निर्देशन में यह कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया के द्वारा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि इस अभियान का व्यापक उद्देश्य शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश का निर्माण करना और ग्रामीण क्षेत्र का सर्वांगित विकास करना इसमें नशा मुक्ति स्वदेशी को बढ़ावा देना गौ- संरक्षण और जन भागीदारी पर विशेष जोर दिया जा रहा है एवं नशा मुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए नशा नशा मुक्त जीवन जीने के लिए परिवार और दोस्तों का सहयोग सबसे अधिक महत्वपूर्ण है यदि समाज भी इस समस्या के खिलाफ एकजुट हो जाए तो नशे पर काबू पाया जा सकता है एक नशा मुक्त समाज न केवल स्वस्थ बल्कि सशक्त भी होता है हमें इस दिशा में जागरूकता फैलाने और एकजुट होकर काम करने की जरूरत है ताकि नशे को जड़ से खत्म किया जा सके इस कार्यक्रम के पश्चात श्रीमती मोनिकाचौरसिया के द्वारा सभी को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया एवं नवांकुर संस्था से श्रीमती सीमा गड़पायले कार्यक्रम समन्वयक एवं जितेंद्र लिल्हारे प्रस्फुटन समिति से धीरज यादव आनंद सिंह ठाकुर जन अभियान परिषद से शोभा बघेल परामर्शदाता एवं पूर्व परामर्शदाता श्री धीरेंद्र चौरसिया सर एवं ६.द्व.६.द्य.स्त्र.श्च. के छात्र-छात्राएं अनुश्री यादव गोविंद भारद्वाज एवं सरपंच श्री द्वरिसिंह मरावी एवं ग्रामीण सलिल तिवारी नितेश कटरे ललित वैश सरदार सिंह चौहान विपनेश पवार राजेश पवार बिंदु बाई राठौर माया भारद्वाज यशोदा भारद्वाज की उपस्थिति रही



# जिला स्तरीय नन्हे सितारे प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि जिले की समस्त शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के जीवन कौशल विकास के उद्देश्य से ओपन लिंक फाउंडेशन (विनोबा ऐप) के माध्यम से नन्हे सितारे नामक नवाचारपूर्ण उपक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 20 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर कहानी वाचन, कविता, स्पोकन इंग्लिश एवं स्पेलिंग बी जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के कुल 1357 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। गतिविधियों से संबंधित अधिकतम दो मिनट के वीडियो शिक्षकों द्वारा तैयार कर विनोबा ऐप पर अपलोड किए गए। विनोबा टीम द्वारा सभी वीडियो का मूल्यांकन कर 82 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में जिला स्तरीय नन्हे सितारे प्रतियोगिता का आयोजन गुरूवार 29 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सिवनी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अंजली शाह, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश गौतम, जिला परियोजना समन्वयक श्री एम.के. बघेल एवं ओपन लिंक फाउंडेशन की राज्य प्रमुख श्रीमती चित्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने उद्बोधन में कलेक्टर श्रीमती पटले ने बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को आत्मविश्वास के साथ गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बच्चे की सीखने की क्षमता अलग होती है, शिक्षकों को चाहिए कि वे इन क्षमताओं को पहचानकर बच्चों के समग्र विकास के लिए कार्य करें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री अंजली शाह ने भी बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। निर्णायक मंडल द्वारा विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 19 विद्यार्थियों का प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया, जिन्हें माननीय कलेक्टर महोदया द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में चयनित 82 विद्यार्थी, मार्गदर्शी शिक्षक, अभिभावक, निर्णायक दल, ओपन लिंक फाउंडेशन टीम तथा जिला शिक्षा केंद्र के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। प्रतिभागियों हेतु चाय, नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्य महेश गौतम, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर श्रीमती पटले की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित जल जीवन मिशन अंतर्गत नल-जल योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में कुल 752 एकल नल जल योजनाएं स्वीकृत हैं, जिनमें से 635 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। इनमें से 510 योजनाएं ग्राम पंचायतों को हैंडओवर की जा चुकी हैं, जबकि 125 योजनाएं ट्रायल रन की स्थिति में हैं। शेष 117 योजनाएं प्रगतिरत हैं।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने निर्देश दिए कि एकल नल जल योजना अंतर्गत शतप्रतिशत कार्य 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने ट्रायल रन में चल रही योजनाओं को शीघ्र पूर्ण कर ग्राम पंचायतों को हैंडओवर करने तथा प्रगतिरत योजनाओं में कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में जल निगम द्वारा क्रियान्वित समूह नल जल योजना क्रमशः झुरकी समूह नल जल योजना, बंडोल समूह नल जल योजना, सिद्धघाट समूह नल जल योजना, संगमघाट समूह नल जल योजना एवं पायली समूह नल जल योजना की कार्य प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने पायली समूह नल जल योजना में शीघ्र प्रगति लाने तथा सिद्धघाट समूह नल जल योजना अंतर्गत सतत जलापूर्ति सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण, जल संरचनाओं के रख-रखाव एवं ग्राम स्तर पर पेयजल संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल निगम के अधिकारी तथा संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# देशभर की जानी-मानी हॉकी टीमों के आगमन को लेकर सिवनी तैयार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिला यूं ही हॉकी की नर्सरी नहीं कहलाता। यहां की मिट्टी में हॉकी रची-बसी है। इस जिले ने मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी देश को दिए हैं। हॉकी के प्रति यहां की दीवानगी किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में जब बात स्वर्गीय सौभाग्यचंद मालू मेमोरियल एवं 'अशोक एंड अशोक' अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की होती है, तो खेल प्रेमियों का उत्साह अपने चरम पर पहुंच जाता है। पत्रकार वार्ता में दी गई आयोजन की जानकारी गुरुवार को प्रतियोगिता आयोजन समिति द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी दी गई कि आगामी 7 फरवरी से सिवनी नगर के बड़ी पुलिस ग्राउंड में इस प्रतिष्ठित अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जाएगा।



प्रतियोगिता में देशभर की 20 जानी-मानी और नामचीन हॉकी टीमों का आगमन होगा, जो अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी। चटियल मैदान पर दिखेगी आक्रामक हॉकी यह प्रतियोगिता अपनी अलग पहचान के लिए जानी जाती है। चटियल मैदान पर खेली जाने वाली तेज़ और आक्रामक हॉकी दर्शकों को रोमांच से भर देती है। हर मुकाबला संघर्ष, गति और कौशल का शानदार संगम होता है, जिसे देखने के लिए सिवनी ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचते हैं। विजेता-उपविजेता के लिए आकर्षक पुरस्कार आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता टीम को 51,000 रुपये नकद, जबकि उपविजेता टीम को 25,000 रुपये नकद एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, बेस्ट प्लेयर सहित अन्य व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाडियों को दिए जाएंगे। ये 20 नामचीन टीमें लेंगी हिस्सा हॉकी केरल मुणि नागेन्द्र सिंह फाउंडेशन, नरसिंहपुर एकेडमी बिलासपुर अमर ज्योति हॉकी, इटारसी जिला हॉकी संघ, बेतूल जिला हॉकी संघ, उज्जैन रायपुर एकेडमी इलेवन स्टार, अमरावती लखनऊ साई हॉस्टल भुमपुरी जिला, महाराष्ट्र रेलवे इलेवन, भुसावल जिला हॉकी संघ, उमरिया साई एकेडमी, टीकमगढ़ हॉकी भोपाल बॉम्बे रिपब्लिक सेंट्रल रेलवे, नागपुर सैफई हॉस्टल, इटावा हॉकी जयपुर मानसी फाउंडेशन, मुंबई जिला हॉकी संघ, राजनांदगांव खेल प्रेमियों से विशेष अपील आयोजन समिति ने सिवनी जिले के समस्त खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे 7 फरवरी से प्रारंभ हो रही इस अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन करें और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं।

# जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशामुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के समस्त शासकीय छात्रावासों को नशामुक्त परिसर घोषित करते हुए "छात्रावास नशामुक्ति समिति" के गठन एवं दीवार लेखन कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं आई.टी.आई. संस्थानों में नशामुक्ति गतिविधियों के संचालन हेतु नोडल शिक्षकों की नियुक्ति कर एक सप्ताह के भीतर नशामुक्ति संबंधी मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक श्री मेहता ने नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा कि शैक्षणिक परिसरों के 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आबकारी विभाग एवं संबंधित विभागों के समन्वय से ऐसी दुकानों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग में भी नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। बैठक में नगर पालिका क्षेत्र में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु चलित कचरा वाहनों के माध्यम से ऑडियो प्रचार-प्रसार कराने तथा शासकीय कार्यालय परिसरों में गुटखा एवं तंबाकू सेवन पर चालानी कार्यवाही कर प्राप्त राशि रेडक्रॉस सोसायटी के खाते में जमा कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। अंत में संबंधित विभागों को निर्देशों के क्रियान्वयन एवं समयबद्ध प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

### कृषक कल्याण वर्ष 2026: किसानों की मोटरसाइकिल रैली का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत आज सिवनी जिला मुख्यालय में किसानों की मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य किसानों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न कृषक हितैषी योजनाओं से जोड़ना रहा। मोटरसाइकिल रैली में सिवनी विधायक श्री दिनेश राय ने स्वयं मोटरसाइकिल चलाकर सहभागिता की और किसानों का उत्साहवर्धन किया। रैली पॉलिटेक्निक मैदान से प्रारंभ होकर बाहुबली चौक, गांधी भवन चौक, बस स्टैंड से छिंदवाड़ा चौक तक पहुंची तथा पुनः बस स्टैंड होते हुए कृषि विभाग कार्यालय में समाप्त हुई।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, उप संचालक कृषि श्री एस.के. धुर्वे की उपस्थिति में 500 किसानों ने सहभागिता की।

# बोर्ड परीक्षा परिणामों के उन्नयन को लेकर प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बोर्ड परीक्षा परिणामों के उन्नयन को लेकर जिले के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बैठक में संस्थावार त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं विगत प्री-बोर्ड परीक्षा परिणामों की गहन समीक्षा की गई तथा प्रत्येक विद्यालय के प्राचार्य से पृथक-पृथक चर्चा कर कमजोर विषयों, विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति एवं परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु बनाई गई कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा कमजोर विद्यार्थियों के लिए विषयवार अतिरिक्त कक्षाएं, पुनरावृत्ति एवं अभ्यास कार्य पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि परीक्षा तिथि तक शिक्षक अनावश्यक अवकाश पर न जाएं तथा शिक्षण व्यवस्था प्रभावित न हो। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने प्राचार्यों को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी लेते हुए परीक्षा परिणामों के उन्नयन हेतु निरंतर निगरानी, प्रभावी शिक्षण व्यवस्था एवं अनुशासित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के विशेष निर्देश दिए।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

### कलेक्टर एवं एसपी की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की अध्यक्षता में जिला सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई तथा जिले में चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट स्थलों पर किए गए सुधार कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में एपीआरडीसी विभाग को सिवनी-बालाघाट एवं सिवनी-मंडला मार्ग पर सडक़ किनारे उगी झाडिय़ों की सफाई, सोल्डर सुधार करने के निर्देश दिए गए। दुर्घटना संभावित एवं संवेदनशील स्थलों पर सूचना पटल एवं रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश भी दिए गए। एनएचएआई मार्गों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में शीघ्र सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही नगरीय क्षेत्र में सडक़ सुरक्षा को प्रभावित कर रहे चिन्हांकित स्थानों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। साथ ही मॉडल रोड में बाधा बन रहे विद्युत पोल/अन्य पोलों की शिफ्टिंग करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा सुधारात्मक कार्य समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।बैठक में सडक़ निर्माण विभाग, यातायात पुलिस, नगरपालिका सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए जांच के निर्देश

# ट्रामा सेंटर में अभी भी दलाल सक्रिय, 90 प्रसूति मामले गायब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर स्थित प्रसूता वार्ड से जनवरी माह में 90 प्रसूति प्रकरण बिना किसी जानकारी या इलाज के गायब हो गए। कलेक्टर मृणाल मीणा के औचक निरीक्षण के दौरान यह चौंकाने वाला मामला सामने आया, जिसके बाद उन्होंने सीएमएचओ को जांच के निर्देश दिए हैं।



कलेक्टर मीणा शुक्रवार को प्रसूता वार्ड का निरीक्षण कर रहे थी। इस दौरान उन्हें पता चला कि जनवरी में 90 ऐसी प्रसूताएं थीं, जो अस्पताल में भर्ती होने के बाद बिना बताए चली गईं। इन मामलों को लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं कि वे कहां हैं, उनका इलाज कहां चल रहा है और उन्हें अस्पताल क्यों छोड़ना पड़ा।

कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप को तत्काल एक टीम गठित कर पूरे मामले की विस्तृत जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने वार्ड में भर्ती प्रसूति महिलाओं की स्थिति, गंभीर प्रकरणों में काउंसलिंग और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसर में व्याप्त अस्वच्छता पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की।

कलेक्टर ने कहा कि पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिसके लिए नियमित निरीक्षण आवश्यक है। उन्होंने सीएमएचओ को प्रतिदिन एक घंटा वार्ड का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

एक अन्य मामले में, कलेक्टर ने बताया कि आई वार्ड के लिए मशीन आ चुकी है, जबकि अतिरिक्त वार्ड के निर्माण का टेंडर भी हो गया है। उन्होंने आरईएस द्वारा अब तक काम शुरू न करने पर भी सवाल उठाया और इसकी जांच कर लापरवाही पाए जाने पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

सिविल सर्जन ने अस्पताल में कलेक्टर के निरीक्षण को लेकर चर्चा में बताया कि वरिष्ठ अधिकारी के निरीक्षण से अस्पताल में खामियों और सुधार का पता चलता है। उनके देखने का नजरिया अलग होता है और यह अच्छी बात है कि वरिष्ठ अधिकारी, अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा दिलाने को लेकर गंभीर है।

## नो एंट्री को लेकर ट्रांसपोर्टरों में नाराजगी

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और यातायात विभाग की बैठक संपन्न, नतीजा शून्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में भारी वाहनों के नो-एंट्री समय को लेकर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और यातायात विभाग के बीच हुई बैठक बेनतीजा रही। एसोसिएशन ने नए प्रस्तावित समय पर नाराजगी जताई है, जबकि यातायात प्रभारी का कहना है कि यह अभी केवल एक प्रस्ताव है। शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों के बाद नो-एंट्री का समय बदलने का प्रस्ताव आया था।

यह बैठक शुक्रवार को कंट्रोल रूम में सीएसपी मयंक तिवारी और यातायात प्रभारी सुबेदा यीना राहंगडाले के साथ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के बीच हुई। इसमें भारी वाहनों के लिए सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक नो-एंट्री लागू करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई। बैठक के बाद ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।



एसोसिएशन के प्रतिनिधि अविनाशसिंह ठाकुर ने बताया कि यह नया नो-एंट्री समय शहर के नागरिकों की जरूरतों के हिसाब से गलत है। उनके अनुसार, यह चौबीस घंटे की नो-एंट्री के समान है, क्योंकि रात में श्रमिक नहीं मिलेंगे, जिससे मालवाहक वाहन खाली नहीं हो पाएंगे।

ठाकुर ने कहा कि इससे बालाघाट में आम लोगों की जरूरतों का सामान पहुंचना असंभव हो जाएगा और जनता को परेशानी होगी। उन्होंने यह भी बताया कि हाईवे और बायपास मार्ग बनने के कारण शहर से गुजरने वाला 90 प्रतिशत भारी ट्रैफिक पहले ही कम हो चुका है। यदि शेष 10 प्रतिशत ट्रैफिक भी नियंत्रित नहीं हो पा रहा है, तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

एसोसिएशन ने मांग की है कि पूर्ववत नो-एंट्री समय को ही रखा जाए, ताकि मालवाहक वाहन निर्धारित समय पर माल खाली कर वापस लौट सकें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि वर्तमान प्रस्तावित सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक की नो-एंट्री लागू होती है, तो शहर का ट्रांसपोर्ट व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो जाएगा।

ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, पूर्व में नो-एंट्री का समय सुबह 7 से 9 बजे, 10 से 11 बजे, दोपहर 1 से 3 बजे और शाम 4:30 बजे से 8:30 बजे तक था।

इस मामले में यातायात प्रभारी यीना राहंगडाले ने स्पष्ट किया कि नया नो-एंट्री समय अभी केवल प्रस्तावित है और इस पर अंतिम निर्णय होना बाकी है। इसके बाद अंतिम कार्रवाई होगी।

## कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामउ की अधीक्षिका पर निलंबन की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने विकासखंड बैहर के अंतर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामउ की छात्रावास अधीक्षिका प्राथमिक शिक्षक श्रीमती चैनबती सैयाम को अपने कार्यों में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय सहायक परियोजना प्रशासक एकीकृत जनजातीय कार्य परियोजना बैहर निर्धारित किया गया है।

कस्तुरबा गांधी बालिका छात्रावास की कक्षा 8वीं की एक बच्ची के गर्भवती होने एवं एक बच्ची को जन्म दिये जाने की घटना में प्रथम दृष्टया पाया गया कि छात्रावास अधीक्षिका द्वारा पीडित छात्रा के स्वास्थ्य में परिवर्तन होने में कोई संवेदना का परिचय नही दिया गया और न ही छात्रा का पृथक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। अधीक्षिका द्वारा छात्रा के छात्रावास से बार बार अनुपस्थित रहने पर एवं उसके स्वास्थ्य को लेकर पालको से सम्पर्क नही किया गया है। अधीक्षिका श्रीमती चैनबती सैयाम की अपने पदीय कर्तव्यों के प्रति बरती गई इस लापरवाही के लिए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## परसवाड़ा व सोन नदी के बीच कार की टक्कर से बाइक सवार, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

किरनापुर थानान्तर्गत स्थित ग्राम परसवाड़ा व सोन नदी के बीच में तेज रफ्तार कार ने बाइक में सवार दो व्यक्तियों को टक्कर मार दी। वाहन को टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे इलेक्ट्रिक लोहे का पोल से जा टकराई।कार के कोहराम से अफरा-तरफी का माहौल निर्मित हो गई । बाइक सवार दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान दो व्यक्तियों की मौत हो गई।

किरनापुर थाना प्रभारी माधव शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत ककोड़ी के ग्राम बोरबन व साकरी टोला निवासी दो परिचित के लोग बाइक प्लेटिना क्रमांक MP50MS7335 में सवार होकर शुक्रवार को सुबह 10 बजे वारासिवनी के लिए निकले ही थे की परसवाड़ा व सोन नदी के तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार





क्रमांक MP50C7714 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार दोनों युवकों को गंभीर चोट आई। घटना के बाद चालक कार से अपना नियंत्रण खो बैठा , कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे इलेक्ट्रिक लोहे का पोल से जा टकराया।

घटना में घायल दोनों व्यक्ति को उपचार के लिए किरनापुर अस्पताल भिजवा दिया गया ,उपचार के दौरान संजय /बाबूलाल पोसाम उम्र 29साल निवासी साकरीटोला जाति गोंड व दूसरा रेखलाल/लोथन सिंह पन्द्रे उम्र 28साल निवासी बोरबन जाति गोंड, पुलिस ने सूचना मिलने पर पंचनामा कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया । पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार के सुपुर्द किया गया।पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। घटना स्थल पर भीड़ में उपस्थित लोगों ने वहां पर ब्रेकर बनाने की मांग शासन प्रशासन से समाचारपत्र के माध्यम से मांग की है।

## लालबर्रा तहसील में पेट्रोल पंपों का निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं की जांच



**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** तहसील लालबर्रा अंतर्गत 30 जनवरी 2026 को आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी (JSO) के साथ संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान भावना पेट्रोल पंप, श्री साईं पेट्रोल पंप, आराध्या पेट्रोलियम एवं खंडेलवाल पेट्रोल पंप पर हवा भरने की सुविधा सहित अन्य अनिवार्य मूलभूत सुविधाओं की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा पंप परिसरों में उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं की स्थिति का अवलोकन किया गया। यह निरीक्षण तहसीलदार श्री मयंक मिश्रा एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार द्वारा किया गया। जांच के दौरान संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## होटल कायनात एंड फैमिली रेस्टोरेंट का खाद्य पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में खाद्य एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से निरंतर जिले के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर वहॉ की व्यवस्थाओं, खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता एवं साफ सफाई का जायजा लिया जा रहा है। इसी कडी में 30 जनवरी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप की उपस्थित में खाद्य सुरक्षा अमले द्वारा बैहर रोड, बालाघाट स्थित होटल कायनात एंड फैमिली रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान होटल के किचन में कई गंभीर स्वच्छता संबंधी कमियां पायी गईं। किचन की फर्श अत्यंत गंदी पाई गई तथा दीवारों पर टाइल्स न होने के कारण अस्वच्छ स्थिति बनी हुई थी। बर्तन धुलाई क्षेत्र में फफूंद पायी गई तथा रसोई में सड़ी-गली धनिया का उपयोग किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त होटल द्वारा आवश्यक स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि पूर्व में किए गए निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया गया था।

इस तरह की गंभीर लापरवाहियों को देखते हुए होटल का खाद्य पंजीयन निलंबित करते हुए खाद्य व्यवसाय को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया। कार्रवाई के तहत होटल के किचन एवं गैस सिस्टम को भी सील कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे, गीता टांडेकर एवं राहुल टेम्भूर्ने उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के सख्त पालन के निर्देश दिए गए हैं तथा भविष्य में भी इस प्रकार की निरीक्षण कार्रवाई जारी रहने की बात कही गई है।

## शहीद दिवस पर मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस का बिरसा में किया गया शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

30 जनवरी शहीद दिवस के अवसर पर आज मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं विधायक विधान सभा बैहर श्री संजय उइके की उपस्थिति में जनपद पंचायत बिरसा के सामने ग्राम स्वराज की अवधारणा रखने वाले सत्य एवं अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के बलिदान दिवस पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया गया।सर्वप्रथम धरना स्थल पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की छायाचित्र पर जिलाध्यक्ष एवं विधायक श्री संजय उइके के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया गया।साथ ही श्री संजय उइके के द्वारा अपने उद्बोधन में गांधी जी के विभिन्न कार्यों और ग्राम स्वराज की परिकल्पना के साथ मनरेगा बचाओ के बारे में विस्तृत रूप से संबोधित किया गया।उनके द्वारा केंद्र सरकार पर मनरेगा के मुख्य स्वरूप को बदलने का आरोप लगाते हुए कहा गया कि नए बिल वीबी जीराम जी आपूर्ति आधारित योजना है।इसके लागू होने से बेरोजगारी की समस्या और बढ़ेगी।मजदूरों को पर्याप्त काम का अवसर नहीं मिलेगा।जबकि मनरेगा कानून गरीबों के लिए जीवन रेखा है।धरना प्रदर्शन में उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा हेमंत साहू,धरमसिंह मरकाम और द्रोपकिशोर मेरावी ने भी संबोधित किया।वक्ताओं के द्वारा मनरेगा और भाजपा सरकार द्वारा लाए गए नए बिल वीबी जीराम जी में अंतर को बताया गया।उन्होंने कहे कि नई योजनाओं के नाम पर सरकार रोजगार को धीरे-धीरे समाप्त करने की साजिश कर रही है।शहीद दिवस हमें अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने की प्रेरणा देता है और आज वही संघर्ष मनरेगा को बचाने के लिए जरूरी हो गया है।उन्होंने मांग की काम का कानूनी अधिकार सुरक्षित रहे,पंचायतों की ताकत बहाल हो,मजदूरी दर न्यूनतम 400रु बढ़ाई जाए,वीबी जीराम जी बिल को तत्काल वापस लिया जाए।आज के शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट एवं विधायक विधान सभा बैहर श्री संजय उइके के साथ अध्यक्ष जनपद पंचायत बिरसा सविता धुर्वे,उपाध्यक्ष हेमंत साहू, द्रोपकिशोर मेरावी,धरमसिंह मरकाम,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरसा अध्यक्ष नीलकंठ राहंगडाले,शिव ग्वाल, मंडलम अध्यक्ष तुलसी परते,दीपकदास ग्वाल,पूरन चौधरी,उदलसिंह मरकाम, उदल पांजरे,महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मथुरा मरकाम,कलाबाई पंचतिलक, लीला,अजय निनावे, दिनेश यादव,भक्तु,शोभा हरदे,संजय वाहने सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## कोरका के बच्चों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया

किरनापुर। 07 बटालियन के०रि०पु०बल द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गाँव कोरका, थाना लॉजी, बालाघाट में स्थित ए/7 तथा एफ/7 बटालियन द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर 2026 से 16 जनवरी 2026 तक 20 छात्र एवं छात्राओं को कम्प्युटर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। श्री कपिंग गिल कमाण्डेंट 7 बटालियन के नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्ति के उपरान्त 30 जनवरी 2026 को सिविक एक्शन प्रोग्राम के अन्तर्गत सभी प्रशिक्षण प्राप्त छात्र एवं छात्राओं को कम्प्युटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके अलावा भारी संख्या में आए हुए स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, कापी, पैन व जमैट्री बाक्स वितरित कर प्रोत्साहित किया गया। के०रि०पु०बल द्वारा किए गए इस कार्य को ग्रामवासियों द्वारा बहुत सराहा गया एवं उनके द्वारा निवेदन किया गया कि इस प्रकार कि गतिविधियों का आयोजन भविष्य में भी किया जाता रहे।

## महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक भोज का सफल आयोजन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर बालाघाट में कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों द्वारा सभी बच्चों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर सामूहिक भोज का अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सहयोग, सहभागिता, आपसी प्रेम और सामाजिक समरसता की भावना को विकसित करना था।सामूहिक भोज के दौरान विद्यार्थियों ने अपने घर से लाए गए विभिन्न प्रकार के पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन एक-दूसरे के साथ साझा किए। सभी बच्चों ने मिल-जुलकर अनुशासन और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए भोजन किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों के साथ सहभागिता करते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।विद्यालय के प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में सहयोग, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक मूल्यों का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए एक-दूसरे का धन्यवाद किया।यह सामूहिक भोज जिसका आयोजन पिछले वर्षों में कक्षा बारहवीं के द्वारा शुरू किया गया था अब विद्यालय में आनंद, उल्लास एवं एकता का सुंदर उदाहरण बन गया तथा लगभग सभी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा स्वतः ही सामूहिक भोज का आयोजन किया जा रहा है।सामूहिक भोज में सभी लोग साथ बैठकर भोजन करते हैं, जिससे प्रेम, सहयोग और एकता की भावना मजबूत होती है।बच्चों और युवाओं में कतार में बैठना, भोजन बाँटना और स्वच्छता जैसे गुण विकसित होते हैं।



## कटंगी में नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ समापन, तिरोड़ी की टीम रही विजेता



### खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता करती है विकसित:गौरव सिंह पारधी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी में सरकारी हास्पिटल ग्राउंड में गौरव कप नाईट टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों ने भाग लिया। तिरोडी, kca कटगी, संभव 11, बनेरा, अर्जुनला, उमरी SBI Bank .hdfc bank.कामठी धनकोष नन्दी सवारी पिपरिया, छतेरा, भंडारबोडी, ,महकेपार सहित विभिन्न ग्रामों की टीमों ने अनुशासित और उत्साहपूर्ण खेल का प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिलाप्रथम इनाम 21000 रु फाइनल जितने पर तिरोड़ी 11 कोद्वितीय इनाम 11000 रु फाइनल मैच हारने पर Police 11 कोतृतीय इनाम 5001 रु सेमीफाइनल 1 हारने पर KTG Destroyer को*चतुर्थ इनाम 5001 रु सेमीफाइनल 2 हारने पर KCA Katangi की टीमों को पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक गौरव सिंह पारधी जी के हस्ते प्रदान किया गया।

**खेल युवाओं को देते हैं सकारात्मक दिशा :** समापन समारोह के अवसर पर विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि कटगी के हमारे युवा साथियों के द्वारा गौरव कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बधाई के पात्र है ,उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। ऐसे आयोजन खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम हैं और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। उन्होंने आयोजन समिति को सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी स्कूल भानेगांव में हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




लांजी क्षेत्र के कौटिल्य एजुकेशन एकेडमी स्कूल भानेगांव में बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। 27 जनवरी 2026 को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीराम ठाकरे ( सरपंच ग्राम पंचायत भानेगांव) ० विशिष्ट अतिथि परमेश्वर कुथे , (सेवा निवृत शिक्षक) ,प्रमोद नख़ाते ( संचालक, पी1 एजुकेटर्स) , श्रीमती परमिला बाई ठाकरे ( पूर्व जिला पंचायत सदस्य) , संजय पंधरे ( अध्यक्ष पालक शिक्षक संघ), शिव ठाकरे द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के नन्हे मुन्हें छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य, नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमें दर्शकों द्वारा प्रस्तुतियों की सराहना की गई। वहीं मंचासिन अतिथियों द्वारा प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया, तथा सत्र 2024-25 में प्रवीण्य सूची में आए छात्र छात्राओं को मेडल प्रदान किया गया। विद्यालय के संचालक महेंद्र कुमार कुथे द्वारा वार्षिक परियोजना के बारे में बताया गया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्रमुख कु नेहा भागड़कर , सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती रोशनी ठाकरे, दुर्गेश ठाकरे, उमेन्द्र पालेवार, पूर्णिमा चौधरी, जागृति अनमोले, सरिता ठाकरे एवं समस्त स्टाफ का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन कु पूर्णिमा चौधरी ० विद्या ढोंगे द्वारा किया गया।